सबगुरु डिजिटल मीडिया प्लेटफार्म
फेसबुक पेज लिंक
https://www.facebook.com/sabgurunews/
वेबसाइट लिंक
https://www.sabguru.com/
यूट्यूब चैनल लिंक
https://www.youtube.com/channel/UCCcLf90UP-prqTinNwqUXZg/

English Article Link:
https://www.sabguru.com/en/the-role-of-dopamine-understanding-the-feel-good-hormone/

SABGURU NEWS

पो.रजि. नं. आरजे/एजे/211/2025-27

PRGI. No. RAJBIL/2023/88629

खबरों के लिए स्कैन करें

# सबगुरु न्यूज

(राष्ट्रीय द्विभाषीय पाक्षिक)

मो.9887907277 Email ID sabgurunews@gmail.com Website https://www.sabguru.com

सम्पादक - विजय सिंह

वर्ष 3 | अंक 14 | अजमेर, शनिवार 10 जनवरी 2026 | मूल्य 5 रुपए | पृष्ठ-4


## बहुचर्चित अंकिता भंडारी प्रकरण की जांच सीबीआई से कराने का फैसला





देहरादून। उत्तराखंड के पौड़ी जिले मे एक रिसॉर्ट की कर्मचारी अंकिता भंडारी की मौत और दोषियों को आजीवन कारावास की सजा घोषित होने के बाद मामले में किसी वीआईपी के शामिल होने से संबंधित दावों तथा लगातार चल रहे प्रदर्शनों के मद्देनजर शुक्रवार को राज्य सरकार ने इस प्रकरण की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराने का फैसला किया और कहा कि इसके लिए संस्तुति की जा रही है।प्रकरण की सीबीआई जांच कराने की मांग को लेकर पिछले कुछ दिनों से राज्य के विभिन्न हिस्सों में विरोध प्रदर्शन किये जा रहे थे। विभिन्न सामाजिक संगठनों और राजनीतिक दलों ने इस मांग को लेकर 11 जनवरी को उत्तराखंड बन्द का आह्वान किया था।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को कहा कि इस मामले में सरकार का उद्देश्य शुरू से अंत तक निष्पक्ष, पारदर्शी और संवेदनशील तरीके से न्याय सुनिश्चित करना रहा है और आगे भी रहेगा। उन्होंने कहा कि अंकिता भंडारी के साथ हुई अत्यंत दुखद एवं हृदय विदारक घटना की जानकारी मिलते ही राज्य सरकार ने बिना किसी विलंब के पूर्ण संवेदनशीलता और निष्पक्षता के साथ कार्रवाई की थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल एक महिला भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी के नेतृत्व में विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया।मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रकरण से जुड़े सभी अभियुक्तों को शीघ्र गिरफ्तार किया गया तथा राज्य सरकार की ओर से प्रभावी एवं सशक्त पैरवी सुनिश्चित की गयी, जिसका परिणाम यह रहा कि विवेचना और सुनवाई के दौरान किसी भी अभियुक्त को जमानत नहीं मिल सकी। उन्होंने बताया कि एसआईटी ने गहन विवेचना के पश्चात, अभियुक्तों के विरुद्ध चार्जशीट दाखिल की और निचली अदालत द्वारा सुनवाई पूर्ण होने पर अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई।

धामी ने कहा कि यह इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि राज्य सरकार ने आरंभ से लेकर अंत तक निष्पक्षता, पारदर्शिता और दृढ़ता के साथ न्याय सुनिश्चित किया है। साथ ही, हाल के दिनों में सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रही कुछ ऑडियो क्लिप्स के संबंध में भी अलगझ्अलग प्राथमिकियां दर्ज की गई हैं और जांच चल रही है।मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की मंशा पूरी तरह स्पष्ट है और किसी भी तथ्य या साक्ष्य की अनदेखी नहीं की जाएगी।उन्होंने कहा कि अंकिता केवल एक पीड़िता नहीं थी, बल्कि वह हमारी भी बहन और बेटी थी। उन्होंने जानकारी दी कि हाल ही में उन्होंने स्वयं अंकिता के माताझ्पिता से बात की है और उन्होंने मामले की सीबीआई जांच कराए जाने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अंकिता के माताझ्पिता के इस अनुरोध और उनकी भावनाओं का पूर्ण सम्मान करते हुए राज्य सरकार ने इस प्रकरण की सीबीआई से जांच कराने का फैसला लिया है और इसकी संस्तुति की जा रही है।

धामी ने आरोप लगाया कि पिछले कुछ दिनों से राजनीतिक उद्देश्यों की पूर्ति के लिए कुछ लोगों ने भ्रम पैदा करने का प्रयास किया सरकार का दायित्व है कि देवतुल्य जनता की भावना का प्रयास किया जाय। इस मामले में सबसे अधिक पीड़ित अंकिता के माता-पिता है और इस संदर्भ में उनका पक्ष जानने के लिए उनसे बात की गई।

आरोप है कि रिसॉर्ट में अंकित भंडारी पर 'विशेष सेवा' देने के लिए दवाब डाला गया था और इससे मना करने पर उसकी हत्या कर दी गई थी। निचली अदालत ने इस मामले में रिसॉर्ट के मालिक समेत तीन आरोपियों को दोषी करार देते हुए उम्र कैद की सजा सुनाई थी। हाल ही में एक ऑडियो क्लिप में इस प्रकरण में किसी वीआईपी के भी शामिल होने की बात कही गई है। जिसके बाद मामले की जांच सीबीआई से कराने को लेकर धरना प्रदर्शन का सिलसिला शुरू हुआ।

## PHED का अधीक्षण अभियन्ता रिश्वत में 84 हजार रुपए का आईफोन लेते अरेस्ट



झालावाड़। राजस्थान में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने शुक्रवार को जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग वृत झालावाड़ के अधीक्षण अभियन्ता विष्णु चन्द गोयल को रिश्वत के रूप में 84 हजार रुपए की कीमत वाला एक मोबाइल आईफोन लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। ब्यूरो के महानिदेशक गोविन्द गुप्ता ने बताया कि परिवादी ने एसीबी की झालावाड़ चौकी को गत पांच जनवरी को शिकायत की कि उसके द्वारा जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग खण्ड झालावाड़ में हैंडपम्प रिपेयर और पाइप लाइन लिंकेज रिपेयरिंग और लैण्ड सम्पर्क का कार्य किया जा रहा है।पूर्व में रजिस्ट्रेशन कराने की एवज में 25 हजार रुपए लिए जा चुके हैं। उसके पार्टनर एवं उसे नाजायज परेशान कर काम में आपत्तियां निकालते हैं तथा काम से हटाने की धमकी दी जा रही है और अगस्त से एक मोबाइल आईफोन की मांग की जा रही है।

उन्होंने बताया कि परिवादी ने अपनी शिकायत में बताया कि उसने विभाग में श्रमिक लगाए थे, उसके बिल को फर्जी बताकर उसे हटाने की धमकी दी जा रही है और कहा जा रहा है कि होली-दिवाली पर कुछ नहीं दिया गया। वह जब जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग खण्ड झालावाड के अधीक्षण अभियन्ता विष्णु चन्द गोयल से मिला तो उन्होंने बकाया बिल पास करने तथा परेशान नहीं करने की एवज में एक आईफोन 16 प्रो मोबाइल फोन की रिश्वत के रूप में मांग की गई, जो लगभग एक लाख तीस हजार रुपए करीब का आता है।गुप्ता ने बताया कि इस पर गत सात जनवरी को रिश्वत मांग का सत्यापन कराया गया तो आरोपी द्वारा रिश्वत के रूप में एक मोबाइल आईफोन प्रो 16, 17 मांगने की पुष्टि हुई, जो लगभग एक लाख 50 हजार रुपए करीब का आता है। इस पर शुक्रवार को रिश्वत के रूप में एक मोबाइल आईफोन एक्स आर एप्पल कम्पनी का कहेनुसार उसी के नाम का बिल बनवाकर आरोपी को देने के लिए कार्यालय में पेश किया गया।इसके बाद ब्यूरो टीम ने ट्रैप कार्यवाही करते हुए आरोपी गोयल को परिवादी से रिश्वत के रूप में एक मोबाइल आईफोन एक्स आर एप्पल कम्पनी का लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।

एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक स्मिता श्रीवास्तव के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ तथा घर की तलाशी की कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जाएगा।

## डिप्टी सीएम के पीए का ठसका, क्वार्टर को बना दिया कोठी




सन्तोष खाचरियावास

जयपुर। अपने सरकारी आवास में रद्दोबदल कर उसे कोठी में तब्दील कराना अब केवल सीएम-डिप्टी सीएम जैसे बड़े लोगों का शौक नहीं रहा, बल्कि उनके पीए भी कोठी का ख्वाब देखने लगे हैं। राजस्थान की राजधानी जयपुर में तो एक पावरफुल पीए ने अपना यह ख्वाब पूरा भी कर लिया है।एक जर्जर सरकारी क्वार्टर पीए साहब और पीडब्ल्यूडी के जोड़तोड़ से अब 'कोठी' की सूरत ले चुका है। पीडब्ल्यूडी के इंजीनियरों की देखरेख में विगत 3 महीनों से जोर-शोर से काम चल रहा है.. लेकिन यह खर्च किस मद में और किसके आदेश से हो रहा है? यह अभी तक सस्पेंस बना हुआ है। राजनीतिक गलियारों में चर्चा का मुद्दा भी बनने लगा है।

मामला गांधीनगर जयपुर में स्थित राजकीय आवास सं जी-805 का है और यहां रहने आने वाले नए मेहमान का नाम है जयसिंह यादव, जो उप मुख्यमंत्री दियाकुमारी के पीए हैं। गांधीनगर जयपुर के मध्य स्थित पॉश इलाका है, जहां हाईकोर्ट के जजों से लेकर कई बड़े अफसरों के बंगले हैं। साथ कई सरकारी क्वार्टर भी हैं, जो बहुत ही दयनीय हालात में पहुंच चुके हैं। इन क्वार्टरों का रखरखाव करने वाले सार्वजनिक निर्माण विभाग का ठिकाना भी यहीं है। इसके बावजूद इन क्वार्टरों पर पीडब्ल्यूडी की निगाहें करम नहीं हो रहीं, सिवाय एक क्वार्टर के, जिसे कोठी में तब्दील किया जा रहा है।

### नियमों-कायदों की उड़ रही धज्जियां

गांधीनगर के ये सरकारी क्वार्टर पूरी तरह जर्जर हो चुके हैं। कई क्वार्टरों में छत की पट्टियां गल चुकी हैं। इन्हें गिराकर ही नया निर्माण होना है। चूंकि मरम्मत के दौरान पट्टियां बदली नहीं जा सकतीं, इसलिए लोहे के गर्डर लगाकर जर्जर पट्टियों को गिरने से रोका जा रहा है। 'निमार्णाधीन कोठी' के आसपास के क्वार्टर संख्या 803, 806 आदि में यही हाल है।कई क्वार्टरों में नल टूटे हैं, बिजली के तार अव्यवस्थित हैं। ये आवास सुरक्षित नही होने से इनमें रहने वाले सरकारी कार्मिक आवास खाली कर रहे हैं। इस सबके बावजूद गांधीनगर में ही स्थित पीडब्ल्यूडी चौकी के इंजीनियर इन क्वार्टरों की सुध नहीं ले रहे। दूसरी तरफ जी-805 को कोठी में तब्दील करने पर पीडब्ल्यूडी के इंजीनियर सरकारी खजाने से लाखों रुपए खर्च कर रहे हैं।

### अलॉटमेंट पर उठ रहे सवाल

सूत्र बताते हैं कि ये जर्जर आवास नए अलॉटमेंट योग्य नहीं हैं। इसके बावजूद पीए साहब का इस लोकेशन पर ऐसा दिल आया कि पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने मिलीभगत कर पीए को यह क्वार्टर आउट ऑफ टर्न जाकर अलॉट कर दिया। जहां एक रुपया भी खर्च करना जाया हो, वहां आउट ऑफ टर्न लाखों रुपए पानी की तरह बहा दिए। इतना ही नहीं, अधिकारियों ने सेटबैक पर नियम विरुद्ध निर्माण भी करा दिया है। नए निर्माण के लिए ना तो नक्शा पास कराया गया, ना किसी तरह की मंजूरी ली गई।दूसरी तरफ अन्य कर्मचारियों के जर्जर क्वार्टर अपनी किस्मत बदलने का इंतजार ही कर रहे हैं। खास बात यह भी है कि सामने ही हाईकोर्ट के जजों के आवास हैं। इसके बावजूद सत्ता की धौंसपट्टी से नियम विरुद्ध निर्माण कराया जा रहा है।

## संसद का बजट सत्र 28 जनवरी से

नई दिल्ली। संसद का बजट सत्र 28 जनवरी से शुरू होगा और दो अप्रैल तक चलेगा। संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी जानकारी दी।उन्होंने बताया कि बजट सत्र दो चरणों में होगा। पहला चरण 28 जनवरी से 13 फरवरी तक और दूसरा चरण नौ मार्च से दो अप्रैल तक होगा। रिजिजू ने अपने पोस्ट में लिखा कि केंद्र सरकार की अनुशंसा पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बजट सत्र 2026 के लिए संसद के दोनों सदनों की बैठक बुलाने की मंजूरी दी है।बजट सत्र के दौरान पहले दिन दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति का अभिभाषण होता है और उसके बाद आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया जाता है। पिछले कुछ वर्षों की परंपरा के अनुसार इसके अलगे दिन एक फरवरी को बजट पेश किया जाता है।पहले चरण में राष्ट्रपति के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर और बजट पर चर्चा होती है।

## सम्पादकीय

# अरावली पर्वतश्रृंखला पर जारी सियासत के बीच सजग हुई सरकार से जगी उम्मीदें

दिल्ली-एनसीआर के लिए प्राकृतिक वरदान समझी जाने वाली अरावली पर्वतश्रृंखला पर चल रहे विरोध प्रदर्शनों के दृष्टिगत और प्रस्तावित अरावली सत्याग्रह के बीच केंद्र सरकार ने विभिन्न राज्यों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि इस पर्वतमाला क्षेत्र में अब किसी भी प्रकार के नए खनन पट्टे (माइनिंग लीज) जारी न किए जाएं। इससे साफ है कि अरावली पर्वतश्रृंखला पर जारी सियासत के दृष्टिगत केंद्र सरकार अब सजग हो चुकी है और जनहित के मद्देनजर आवश्यक दिशानिर्देश जारी किया है। इससे अरावली पर्वतश्रृंखला में जैव विविधता के संरक्षण की उम्मीद भी बढ़ी है। यदि वाकई ऐसा होता है तो देश की राजधानी नई दिल्ली के लिए यह शुभ कदम होगा। यहां के जल संरक्षण, वायु संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण आदि की दिशा में इसके सकारात्मक प्रभाव जल्द दिखेंगे।पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने गत बुधवार को इस बारे में एक नया आदेश जारी किया है, जिसमें स्पष्ट किया हुआ है कि यह प्रतिबंध गुजरात, राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली तक फैली पूरी अरावली श्रृंखला पर समान रूप से लागू होगा। मंत्रालय के मुताबिक, यह फैसला अरावली को पर्वतमाला के रूप में सुरक्षित रखने और इसके आसपास चल रहे अवैध खनन पर पूरी तरह से रोक लगाने के मकसद से लिया गया है। लगे हाथ सरकार ने भारतीय वानिकी अनुसंधान और शिक्षा परिषद (कउऋए) को यह भी निर्देश दिया है कि वह पूरे अरावली रीजन में ऐसे जोन की पहचान करे, जहां खनन पर पूरी तरह से बैन लगाया जाना चाहिए।उल्लेखनीय है कि माननीय सुप्रीम कोर्ट ने हाल में कहा था कि आसपास की जमीन से कम से कम 100 मीटर ऊंचे हिस्से को ही अरावली पहाड़ी माना जाएगा। इसप्रकार इस नए मानक से कई ऐसी पहाड़ियों पर खनन का डर पैदा हुआ, जो 100 मीटर से छोटी और झाड़ियों से ढकी हुई है। यही वजह है कि पर्यावरण प्रेमियों ने इसे मुद्दा बना दिया और राजनीतिक दलों के मुखर होने से विरोध तेज हुआ। हालांकि अरावली सत्याग्रह की हवा निकालने के लिये केंद्र सरकार ने समय रहते ही समुचित कदम उठा लिए। साथ ही इसके इर्द-गिर्द पुनः हरियाली वापस लाने के उपाय करने के दिशा-निर्देश जारी किए हैं। वहीं, केंद्र सरकार ने भारतीय वानिकी अनुसंधान और शिक्षा परिषद को अरावली क्षेत्र में सतत खनन (र४२३ंल्लुं्री ट्रल्लव्रल्लॅ) के लिए वैज्ञानिक योजना बनाने का निर्देश दिया है। लिहाजा, यह वैज्ञानिक योजना ही अब देखेगी कि खनन का प्रकृति पर कितना बुरा असर पड़ रहा है और अरावली क्षेत्र कितना भार सह सकता है। जहा खनन हो चुका है, उन क्षेत्रों को फिर से सुधारने और वहां पर हरियाली वापस लाने के उपाय किए जाएंगे। यह दूरदर्शिता भरा कदम है जो सराहनीय है।पर्यावरण और वन मंत्रालय ने यह भी निर्देश दिया है कि जो खदाने पहले से संचालित है, उनके लिए सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के अनुरूप सभी पर्यावरणीय सुरक्षा उपायों का राज्य सख्ती से पालन कराए जाएं। मंत्रालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि मौजूदा खनन गतिविधियों को भी कड़े नियमों और अतिरिक्त प्रतिबंधों के तहत कंट्रोल किया जाएगा।बताते चलें कि अरावली अस्तित्व संकट मुख्य रूप से अवैध खनन और पर्यावरणीय क्षरण से जुड़ा है, जो 1990 के दशक में शुरू हुआ। इस दौरान राजस्थान, हरियाणा और गुजरात में खनन गतिविधियों से पहाड़ियों को भारी नुकसान पहुंचा। अरावली पर्वतमाला में अवैध खनन की शिकायतें 1990 के दशक से बढ़ने लगीं, जब संगमरमर और ग्रेनाइट जैसे खनिजों के दोहन से पर्यावरण, जल संकट और वायु प्रदूषण उभरा। अलबत्ता 1992 में सुप्रीम कोर्ट ने पहली बार हस्तक्षेप कर कुछ क्षेत्रों में खनन रोका। वहीं 2002 में सेंट्रल एम्पावर्ड कमेटी ने हरियाणा और राजस्थान में पूर्ण खनन प्रतिबंध लगाया। ततपश्चात 2003 का विवादास्पद मर्फी फॉमूर्ला लागू हुआ, जिसने 100 मीटर से कम ऊंचाई वाली पहाड़ियों को खनन योग्य घोषित किया। पुनः बढ़ते विरोध के मद्देनजर 2009 में हरियाणा के कई जिलों में स्थायी प्रतिबंध लगा।

# उदयपुर में भ्रूण लिंग परीक्षण में लिप्त महिला दलाल सहित एक चिकित्सक को दबोचा

उदयपुर। राजस्थान में राज्य पीसीपीएनडीटी प्रकोष्ठ द्वारा उदयपुर जिले में भ्रूण लिंग परीक्षण में लिप्त महिला दलाल सहित एक चिकित्सक को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध मामला दर्ज कराया गया है।अध्यक्ष राज्य समुचित प्राधिकारी पीसीपीएनडीटी एवं मिशन निदेशक एनएचएम डॉ अमित यादव ने गुरुवार को बताया कि सूचना मिली कि उदयपुर एवं इसके आसपास के क्षेत्रों में दलाल एवं चिकित्सकों के गिरोह के माध्यम से भ्रूण लिंग परीक्षण कार्य किया जा रहा है। इस पर डिकॉय टीम गठित कर उदयपुर भेजी गई।डॉ यादव ने बताया कि उदयपुर निवासी महिला दलाल पूजा सागर ने डिकॉय सदस्य गर्भवती महिला को बुधवार को महाराणा भूपाल अस्पताल के सामने 35 हजार रुपए की राशि लेकर बुलवाया।कुछ समय इधर-उधर घुमाने के बाद पास ही स्थित निजी अमर आशीष अस्पताल एवं टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर की संचालक डा नीना सक्सेना से मिलवाया और इसके बाद महिला दलाल डिकॉय गर्भवती को धरा डायनोस्टिक नामक सेंटर पर लेकर गए। वहां ढाई हजार रुपए की रसीद कटवाकर सोनोग्राफी की गई और सोनोग्राफी रिपोर्ट, रसीद और फिल्म मय चिकित्सक की रेफरल स्लिप लेकर वापस अमर आशीष अस्पताल आए।उन्होंने बताया कि वहां डा नीना सक्सेना ने गर्भवती से 30 हजार रुपए लेकर भ्रूण लिंग की जानकारी दी। इशारा मिलते ही टीम ने अस्पताल में चिकित्सक डा. नीना को तत्काल मय राशि के गिरफ्तार कर लिया। साथ ही महिला दलाल पूजा सागर को भी गिरफ्तार कर लिया। परियोजना निदेशक पीसीपीएनडीटी डा राकेश मीना ने बताया कि इस डिकॉय के बाद पीसीपीएनडीटी एक्ट के प्रावधानों के तहत प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान जारी है।



# अंबरनाथ में कांग्रेस के 12 नवनिर्वाचित पार्षद भाजपा में शामिल



मुंबई। महाराष्ट्र के ठाणे जिले के अंबरनाथ शहर में एक बड़े राजनीतिक उलटफेर में नगर परिषद के 12 नवनिर्वाचित कांग्रेस पार्षदों ने गुरुवार को औपचारिक रूप से भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया। इससे कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है और नगर निकाय का राजनीतिक संतुलन पूरी तरह बदल गया है।यह कार्यक्रम भाजपा के नवी मुंबई क्षेत्रीय कार्यालय में खास तौर पर आयोजित किया गया था, जिसमें राज्य मंत्री गणेश नाइक, संजीव नाइक और दीपेश म्हात्रे शामिल हुए। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण ने इसकी अध्यक्षता की।भाजपा में शामिल होने वाले पार्षदों में प्रदीप नाना पाटिल, दर्शना उमेश पाटिल, अर्चना चरण पाटिल, हर्षदा पंकज पाटिल, तेजस्विनी मिलिंद पाटिल, विपुल प्रदीप पाटिल, मनीष म्हात्रे, धनलक्ष्मी जयशंकर, संजीवनी राहुल देवडे, दिनेश गायकवाड़, किरण बद्रीनाथ राठौड़ और कबीर नरेश गायकवाड़ शामिल हैं।नगरपालिका चुनावों के कुछ ही हफ़्तों बाद उनके दल-बदल से 59 सदस्यीय नगर निकाय में कांग्रेस की मौजूदगी लगभग खत्म हो गई है और स्थानीय स्तर पर पार्टी के संगठनात्मक नियंत्रण और अनुशासन पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। राजनीतिक उथल-पुथल बुधवार देर रात शुरू हुई जब कांग्रेस ने चुनाव के बाद भाजपा के साथ गठबंधन का समर्थन करके पार्टी अनुशासन का उल्लंघन करने के लिए सभी 12 पार्षदों को निलंबित कर दिया।महाराष्ट्र कांग्रेस के उपाध्यक्ष गणेश पाटिल ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल के निर्देश पर कार्रवाई करते हुए अंबरनाथ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप पाटिल को भी निलंबित कर दिया और पूरी ब्लॉक कार्यकारी समिति को भंग कर दिया। यह विवाद अंबरनाथ विकास अघाड़ी के गठन पर केंद्रित है, जो स्थानीय भाजपा नेताओं द्वारा कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (अजित पवार गुट) के साथ मिलकर महायुति सहयोगी शिवसेना को दरकिनार करने के लिए चुनाव के बाद बनाया गया गठबंधन है।

शिवसेना 20 दिसंबर को हुए नगरपालिका चुनावों में 27 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी। उसके बाद भाजपा ने 14, कांग्रेस ने 12 और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने चार सीटों पर जीत हासिल की, जबकि दो निर्दलीय भी चुने गए। गठबंधन ने 32 पार्षदों के समर्थन का दावा किया, जो 30 के बहुमत के आंकड़े को पार कर गया। इसी के दम पर भाजपा पार्षद तेजस्वी करंजुले पाटिल ने शिवसेना उम्मीदवार को हराकर नगर परिषद अध्यक्ष चुनाव में बाजी मारी।मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने दखल दिया, और सार्वजनिक रूप से घोषणा की कि कांग्रेस या मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के साथ कोई भी गठबंधन पूरी तरह से अस्वीकार्य है और इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ऐसे गठबंधन संगठनात्मक अनुशासन का गंभीर उल्लंघन हैं और पार्टी के वरिष्ठ नेतृत्व द्वारा इन्हें मंजूरी नहीं दी गयी थी। इन घटनाक्रमों पर गठबंधन सहयोगियों और विपक्ष से कड़ी प्रतिक्रियाएं आई हैं। शिवसेना के नेताओं ने भाजपा पर गठबंधन धर्म का उल्लंघन करने और कांग्रेस-मुक्त राजनीति के विचार को कमजोर करने का आरोप लगाया।शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) सांसद संजय राउत ने भाजपा पर हमला करते हुए आरोप लगाया कि पार्टी विचारधारा की परवाह किए बिना सत्ता हथियाने के लिए किसी के भी साथ गठबंधन करने को तैयार है। इस बीच, कांग्रेस नेताओं ने भाजपा पर दोहरे मापदंड अपनाने का आरोप लगाय है। पार्टी ने कहा कि जहां कांग्रेस ने अपने पार्षदों के खिलाफ तेजी से कार्रवाई की, वहीं भाजपा ने उन स्थानीय नेताओं के खिलाफ सार्वजनिक रूप से कोई कार्रवाई नहीं की जिन्होंने गठबंधन शुरू किया था।स्थानीय भाजपा नेताओं ने इस कदम का बचाव करते हुए कहा कि यह पिछले शिवसेना के नेतृत्व वाले प्रशासन के तहत कथित भ्रष्टाचार और कुशासन को खत्म करने के लिए जरूरी था। उन्होंने जोर दिया कि गठबंधन विकास और स्वच्छ शासन के हित में बनाया गया था।

# पूर्व मंत्री महेश जोशी के विरुद्ध प्रदान अभियोजन स्वीकृति

जयपुर। राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे ने पूर्व जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री महेश जोशी के विरुद्ध धन शोधन निवारण अधिनियम 2002 के तहत प्रथम दृष्टया अपराध प्रमाणित होने पर अभियोजन स्वीकृति प्रदान की है।बागडे ने भारतीय संविधान के अनुच्छेद 164 के तहत प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 197(1) (बीएनएसएस 2023 की धारा 2018) के तहत महेश जोशी के विरुद्ध धारा 3 व सपठित धारा 4 धन शोधन निवारण अधिनियम 2002 तथा प्रकरण के तथ्यों पर जो भी अभियोग बनते हों, के लिए सक्षम न्यायालय में अभियोग चलाए जाने के लिए स्वीकृति प्रदान की है। उल्लेखनीय है कि जोशी पर जल जीवन मिशन घोटाले में आरोप लगे थे।

# आप के 4 विधायक दिल्ली विधानसभा के वर्तमान सत्र की शेष कार्यवाही से निलंबित

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा में हंगामा करने और सदन की मयार्दा का उल्लंघन करने के आरोप में आम आदमी पार्टी के संजीव झा समेत चार विधायकों को वर्तमान सत्र की शेष बैठक से निलंबित कर दिया गया है।अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि सदन की कार्यवाही में निरंतर बाधा उत्पन्न करने और सदन की मयार्दा का उल्लंघन करने के कारण विपक्ष के सदस्य सोम दत्त, जरनैल सिंह, संजीव झा तथा कुलदीप कुमार को इस सत्र की शेष बैठकों से सदन से निलंबित कर दिया गया है।उन्होंने कहा कि यह निर्णय सदन की गरिमा, अनुशासन एवं अधिकारों की रक्षा करने के उद्देश्य से तथा दिल्ली विधानसभा की प्रक्रिया एवं कार्य संचालन नियमावली के प्रावधानों के पूर्णतः अनुरूप लिया गया है। गुप्ता ने हंगामा करने वाले आप सदस्य कुलदीप कुमार, जरनैल सिंह और संजीव झा को मार्शल के जरिए सदन से बाहर भी निकलवा दिया था।इससे पहले भाजपा विधायक सतीश उपाध्याय ने झा के खिलाफ आरोप लगाते हुये कहा कि आप नेता ने अध्यक्ष पर सदन को मनमानी तरीके से चलाने का आरोप लगाया है। उन्होंने अध्यक्ष से इस मामले में कार्यवाही करने की मांग की।



# बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए ' मिशन मोड' में आरएसएस

मथुरा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने बांग्लादेश के हालात पर चिंता जताते हुये हिन्दू अल्पसंख्यक वाले देशों विशेषकर पाकिस्तान और बांग्लादेश में अपनी पहुंच बढाने की योजना बनाने पर बल दिया है।उत्तर प्रदेश के वृंदावन में संघ की अखिल भारतीय बैठक के दौरान प्रस्तुत आंकड़ों और चचार्ओं में यह बात प्रमुखता से उभरी कि दुनिया भर में हिंदुओं की आबादी का अनुपात कम हो रहा है। संघ के शीर्ष पदाधिकारियों ने इस बात पर मंथन किया कि जहां हिंदू अल्पसंख्यक हैं, वहां वे संगठित नहीं हैं, जिसके कारण उन्हें हिंसा और उत्पीड़न का सामना करना पड़ता है। सूत्र बताते हैं कि संघ अब ह्यजहां हिंदू अल्पसंख्यक, वहां संगठनह्ल के मंत्र पर काम करेगा।बैठक में सबसे अधिक चर्चा बांग्लादेश की वर्तमान स्थितियों पर हुई। सूत्रों के अनुसार, आरएसएस अब बांग्लादेश में स्थानीय स्तर पर स्वयंसेवक और हिंदू संगठन खड़े करने की योजना बना रहा है। इसका उद्देश्य आपदा या हिंसा के समय स्थानीय हिंदुओं को आत्मरक्षा के लिए तैयार करना और उनकी सांस्कृतिक पहचान को सुरक्षित रखना है।इस रणनीतिक पहल को अमलीजामा पहनाने के लिए संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों की जल्द ही केंद्र सरकार के प्रतिनिधियों के साथ एक अहम बैठक होने की संभावना है। इसमें पड़ोसी देशों में हिंदुओं की सुरक्षा और जनसांख्यिकीय असंतुलन को रोकने के लिए कूटनीतिक और जमीनी स्तर पर उठाए जाने वाले कदमों पर चर्चा की जाएगी।संघ का मानना है कि यदि समय रहते इन देशों में मजबूत हिंदू संगठन खड़ा नहीं किया गया, तो आने वाले दशकों में वहां से हिंदुओं का अस्तित्व पूरी तरह समाप्त हो सकता है।

# वर्ष 2026 में चार ग्रहण, भारत में केवल एक ग्रहण ही होगा दृश्य

उज्जैन। खगोलीय घटनाओं के अनुसार वर्ष 2026 में कुल चार ग्रहण होंगे, लेकिन इनमें से भारत में केवल एक ही ग्रहण दिखाई देगा। यह जानकारी उज्जैन स्थित शासकीय



जीवाजी वेधशाला के अधीक्षक डॉ. राजेंद्र प्रकाश गुप्त ने दी।डॉ. गुप्त ने बताया कि वर्ष 2026 का पहला आंशिक सूर्य ग्रहण 17 फरवरी को होगा। यह ग्रहण भारत में कहीं भी दिखाई नहीं देगा। इसका प्रारंभ दोपहर 03 बजकर 26 मिनट 06 सेकंड पर होगा, मध्यकाल 05 बजकर 41 मिनट 09 सेकंड तथा मोक्षकाल सायंकाल 7 बजकर 57 मिनट 06 सेकंड पर रहेगा। यह ग्रहण अर्जेंटीना, चिली, दक्षिण अफ्रीका और अंटार्कटिका में दिखाई देगा। इसकी कुल अवधि 4 घंटे 31 मिनट की होगी।उन्होंने बताया कि वर्ष का दूसरा ग्रहण 3 मार्च 2026 को पूर्ण चंद्र ग्रहण के रूप में होगा, जो सैद्धांतिक रूप से भारत में दृश्य माना गया है। इस ग्रहण का प्रारंभ दोपहर 3 बजकर 19 मिनट 7 सेकंड पर, मध्यकाल सायंकाल 5 बजकर 3 मिनट 7 सेकंड पर और मोक्ष सायंकाल 6 बजकर 47 मिनट 6 सेकंड पर होगा। यह ग्रहण भारत के अलावा पूर्वी एशिया, ऑस्ट्रेलिया, प्रशांत महासागर और अमेरिका में भी दिखाई देगा।हालांकि डॉ. गुप्त ने स्पष्ट किया कि उज्जैन में यह चंद्र ग्रहण व्यावहारिक रूप से नहीं देखा जा सकेगा। उस दिन सूर्यास्त 6 बजकर 31 मिनट पर होगा और चंद्रमा आंशिक ग्रहण की अवस्था में उदय करेगा। ग्रहण का मोक्ष 6 बजकर 45 मिनट 6 सेकंड पर हो जाएगा, जिससे चंद्रमा के स्पष्ट रूप से दिखाई देने से पहले ही ग्रहण समाप्त हो जाएगा।उन्होंने आगे बताया कि तीसरा पूर्ण सूर्य ग्रहण 12 और 13 अगस्त 2026 की मध्यरात्रि को होगा, जो भारत में दिखाई नहीं देगा। इस ग्रहण का प्रारंभ रात्रि 9 बजकर 4 मिनट 3 सेकंड पर, मध्यकाल 11 बजकर 15 मिनट 9 सेकंड पर तथा मोक्षकाल 13 अगस्त को रात्रि 1 बजकर 27 मिनट 9 सेकंड पर होगा। यह ग्रहण पश्चिमी यूरोप, पश्चिम अफ्रीका, उत्तरी अमेरिका, ग्रीनलैंड, उत्तरी अटलांटिक और उत्तरी प्रशांत महासागर में दिखाई देगा। इसकी अवधि भी 4 घंटे 31 मिनट की रहेगी।

वर्ष का अंतिम आंशिक चंद्र ग्रहण 28 अगस्त 2026 को होगा। इसका प्रारंभ रात्रि 8 बजकर 3 मिनट 5 सेकंड पर, मध्यकाल 9 बजकर 42 मिनट 9 सेकंड पर और मोक्षकाल 11 बजकर 22 मिनट 3 सेकंड पर होगा। यह ग्रहण अंटार्कटिका, अफ्रीका, यूरोप, एशिया तथा हिंद, अटलांटिक और प्रशांत महासागरों में दिखाई देगा, लेकिन भारत में यह दृश्य नहीं होगा।

# हनुमानगढ़ के मेडिकल कालेज में एमबीबीएस छात्र ने की आत्महत्या

हनुमानगढ़। राजस्थान में हनुमानगढ़ जंक्शन स्थित सरकारी मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस के द्वितीय वर्ष के एक छात्र ने अपने छात्रावास में रस्सी फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।पुलिस सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि मृतक छात्र की पहचान संदीप गुर्जर (22) के रूप में हुई है, जो मूल रूप से कोटपूतली का निवासी था। गुरुवार दोपहर में मेडिकल बोर्ड द्वारा पोस्टमॉर्टम करवाए जाने के बाद शव परिवार वालों को सौंप दिया गया, जिसे अंतिम संस्कार के लिए कोटपूतली ले जाया गया है। मौके से किसी तरह का पत्र नहीं मिला है।उन्होंने बताया कि संदीप गुर्जर कुछ दिन पहले छुट्टी लेकर अपने शहर कोटपूतली गया था और वहां से एक-दो दिन पहले ही कॉलेज लौटा था। उसके साथ एक अन्य छात्र भी रहता था, जो उस समय अपने गांव गया था। यह साथी कल शाम को लौटा तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद पाया। उसने कई बार दरवाजा खटखटाया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला।उसे लगा कि संदीप गहरी नींद में सो रहा है, इसलिए उसने अपना सामान पास के एक अन्य छात्र के कमरे में रखा और खाना खाने चला गया। खाना खाकर वापस आने पर भी जब दरवाजा नहीं खुला, तो उसे शक हुआ। उसने आसपास के अन्य छात्रों को बताया और फिर मेडिकल कॉलेज के प्रबंधन को सूचित किया।मामला संदिग्ध लगने पर पुलिस को बुलाया गया। पुलिस की मौजूदगी में दरवाजे को धक्का देकर तोड़ा गया, तो अंदर संदीप का शव लोहे की अलमारी में लगाए फंदे पर लटका मिला। पुलिस का मानना है कि परिवार वालों से पूछताछ के बाद ही आत्महत्या के असली कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल, जांच जारी है।

# केरल में माकपा नेता की हत्या के मामले में आरएसएस-भाजपा के 7 कार्यकर्ताओं को उम्रकैद

कन्नूर। केरल में थलास्सेरी की एक अदालत ने 2008 में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) नेता के लतेश की हत्या के मामले में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ-भारतीय जनता पार्टी (आरएसएस-भाजपा) के सात कार्यकर्ताओं को गुरुवार को उम्रकैद की सजा सुनाई।न्यायाधीश जे विमल ने संबंधित मामले में पी सुमित, केके प्रजेश, बी निधिन, के सनल, स्मिजेश, सजीश और वी जयेश को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 302 (हत्या) सहित विभिन्न धाराओं के तहत दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सला दी।अदालत ने सभी सात आरोपियों पर 1.40 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया और जुर्माने की रकम पीड़ित परिवार के परिजनों को दिए जाने के आदेश दिए।अदालत ने सबूतों के अभाव में भाजपा के एक पूर्व नगर पार्षद अजेश सहित तीन अन्य (आरोपी नंबर 9 से 12) को बरी कर दिया। जबकि एक आरोपी (नंबर 8) के. अजित की मामले की सुनवाई के दौरान मौत हो चुकी है।अभियोजन के मुताबिक 31 दिसंबर 2008 की शाम को थलास्सेरी बीच के पास चकियाथमुक्कू में एक गिरोह ने थलाई के रहने वाले 28 वर्षीय मछुआरे और माकपा के स्थानीय नेता के लतेश की हत्या कर दी थी। लतेश की मौके पर ही मौत हो गई जबकि माकपा के तीन अन्य कार्यकर्ता मोहनलालु, संतोष और सुरेश हमले में घायल हो गए थे।

# महिला कांग्रेस का महासचिव बनने के बाद अलवर पहुंची सफिया खान का किया स्वागत



अलवर। महिला कांग्रेस में राष्ट्रीय महासचिव बनने के बाद सफिया जुबेर खान का शुक्रवार को राजस्थान के अलवर पहुंचने पर स्वागत किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव जितेंद्र सिंह और प्रतिपक्ष नेता टीकाराम जूली भी मौजूद थे। खान ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए और कहा कि भारतीय जनता पार्टी के राज में महिलाओं पर अत्याचार हो रहा है। नेता और विधायक महिलाओं पर अत्याचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि महिलाओं के लिए काम करने का मौका मिला है।सफिया ने कहा कि मेरा प्रयास रहेगा कि मैं महिलाओं के लिए लड़ूं। महिलाओं के न्याय के लिए लड़ूं और जिस तरीके से कांग्रेस में 50 प्रतिशत महिलाओं के लिए आरक्षण की बात है उसी के तहत मुझे नियुक्ति दी गई है।

उधर, राष्ट्रीय महासचिव और पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के कारण अलवर को राष्ट्रीय स्तर पर पूरा प्रतिनिधित्व मिल रहा है। खान शुरू से ही जमीनी स्तर पर महिलाओं के लिए काम कर रही हैं। गरीब महिलाओं की आवाज बनकर निकली है और राष्ट्रीय स्तर पर इनकी अब एक और पहचान अलवर के नाम हो जाएगी। उन्होंने कहा है कि अलवर को कांग्रेस में मजबूती से लोग मिल रहे हैं।कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सिंह ने आरोप लगाया कि भाजपा राज में महिलाओं पर लगातार अत्याचार हो रहे हैं। उनके सांसद विधायक मंत्री सब महिलाओं पर अत्याचार कर रहे हैं। उनके राज्य में कानून व्यवस्था पूरी तरह चौपट हो गई है और सफिया खान महिला अत्याचारों के खिलाफ जागृति लाने का काम करेंगीं।विपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने खान को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कांग्रेस का कारवां बढ़ता जा रहा है और देश की आवश्यकता अनुसार महिलाओं को प्रतिनिधित्व मिल रहा है। यह अलवर ही नहीं मेवात के लिए भी बहुत बड़ी बात है। यहां शिक्षा की कमी है, ऐसे में सफिया खान की नियुक्ति महिलाओं के लिए मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि जिस तरीके से ग्रामीण महिलाएं काम करती हैं उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर काम करने का मौका मिलेगा।

# बाघ टी-2408 को रणथम्भौर से मुकुंदरा बाघ अभयारण्य भेजा

सवाई माधोपुर। राजस्थान में सवाई माधोपुर के रणथंभौर बाघ अभयारण्य से शुक्रवार को बाघ टी-2408 को कोटा के मुकुंदरा बाघ अभयारण्य भेज दिया गया। वन विभाग के सूत्रों ने बताया कि बाघ को स्थानांतरण उच्चाधिकारियों के निर्देश पर किया गया है। वन विभाग का दल बाघ की लगातार निगरानी कर रहा था। लाहपुर वन क्षेत्र में बाघ को बेहोश करने के बाद मेडिकल बोर्ड की मौजूदगी में उसका स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जांच के बाद उसे पूरी तरह स्वस्थ पाया गया।सूत्रों ने बताया कि इस बाघ को मुकुंदरा में रणथम्भौर से स्थानांतिरत की गयी बाघिन कनकटी के क्षेत्र में छोड़ा जाएगा। कनकटी पहले रणथम्भौर में ही थी, लेकिन उसने रणथंभौर क्षेत्र में पुजारी, रेंजर और बच्चे पर हमला करके उनकी जान ले ली। इस पर उसे मुकुंदरा बाघ अभयारण्य पहुंचा दिया गया, जहां वह अकेली विचरण कर रही है। बाघ टी-2408 के वहां पहुंचने के बाद उसे एक साथी मिल जाएगा।

## गौ तस्करी के दोषी को 7 वर्ष का कारावास


अलवर। राजस्थान में अलवर के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय (संख्या तीन) ने गौ तस्करी के आरोपी को दोषी करार देते हुए शुक्रवार को सात वर्ष के कारावास की सजा सुनाई।अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश ज्योति सोनी ने अभियुक्त फकरुद्दीन को गौ तस्करी का दोषी मानते हुए उस पर 20 हजार रुपए का जुर्माना भी किया।मामले के अनुसार भीलवाड़ा की बगड़.तिराया थाना क्षेत्र में पुलिस ने 16 अक्टूबर 2022 को अभियुक्त को पिकअप में सात गौवंश ले जाते गिरफ्तार किया था।

## फिल्मों में फिर काम करने की इच्छुक हैं मंदाकिनी



भीलवाड़ा। राम तेरी गंगा में ली फिल्म की हीरोइन मंदाकिनी ने कहा है कि वह फिर काम करने की कोशिश कर रही हैं उन्हें सबके आशीर्वाद की जरूरत है।मंदाकिनी शुक्रवार को राजस्थान में भीलवाड़ा में कुछ कार्यक्रमों में हिस्सा लेने आई थीं। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि उनकी पहचान राम तेरी गंगा मैली फिल्म के गाने सुन साईबा सुने मैने तुझे चुन लिया तू भी मुझे चुन से बनी है। उन्होंने यह गाना सुनाकर भी बताया और कहा कि वह फिल्म इंडस्ट्रीज में फिर काम करना चाह रही हैं और मौका मिला तो वह जल्दी ही फिल्मों में नजर आ सकती हैं।मंदाकिनी ने अपने चर्चित फिल्म राम तेरी गंगा मैली में दिए एक दृश्य को लेकर कहा कि ऐसा मैंने कुछ नहीं किया। अब उससे ज्यादा हो रहा है। उन्होंने फिल्म इंडस्ट्रीज के भविष्य को लेकर कहा कि वह भी प्रगति कर रही है और प्रगति समय के साथ होनी भी चाहिए।

# After Hindus resistance, Telangana HC stays Congress' by-elections promise to allot Jubilee Hills land to Waqf Board



The Telangana High Court on January 7, ordered status quo on the proposed allotment of one acre of government land to the Waqf Board for a Muslim graveyard at Borabanda, under the Jubilee Hills Assembly constituency, following sustained local protests and a legal challenge.

The interim direction was issued during a lunch motion hearing after objections were raised against the allotment. The land, estimated to be worth around 30 crore, is situated in a densely populated residential locality and lies adjacent to Hindu temples.The protesters alleged that the Congress-led state government initiated proceedings to allocate the land without adequate public consultation.

They also targeted senior Congress leader and Minister Ponguleti Srinivasa Reddy, asserting that government land cannot be allotted arbitrarily and must serve the broader public interest.Tension prevailed in the area as demonstrations continued, with slogans raised against the state government's decision. Police personnel were deployed to maintain law and order.With the High Court's status quo order, all further action on the land allotment has been temporarily halted until the matter is heard in detail. The case is expected to come up for further hearing in the coming days.The controversy traces back to a promise made by the Indian National Congress to allocate dedicated land for a Muslim graveyard during the Jubilee Hills by-elections held in 2025. The constituency has significant Muslim population, and the Congress candidate Naveen Yadav won the seat, which had fallen vacant following the death of a BRS leader. Protesters have alleged that the proposed allotment amounts to a quid pro quo for electoral support.

# संगठन की मजबूती ही भाजपा की सबसे बड़ी शक्ति : मंत्री सुरेश सिंह रावत



अजमेर। जल संसाधन मंत्री एवं पुष्कर विधायक सुरेश सिंह रावत पुष्कर विधानसभा के खोड़ा गणेश, नरवर व सराधना मंडल की पार्टी जिला कार्यालय भूणाबाय में आयोजित संयुक्त संगठनात्मक बैठक में सहभागी बने।बैठक में संगठन को अधिक सशक्त बनाने, बूथ स्तर तक पार्टी की जड़ें मजबूत करने तथा कार्यकताओं की सक्रिय और अनुशासित भूमिका पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। आगामी संगठनात्मक एवं जनसंपर्क कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करते हुए सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने पर भी गहन चर्चा हुई।मंत्री रावत ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की शक्ति उसका मजबूत संगठन और समर्पित कार्यकर्ता हैं। उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे सरकार की जनहितकारी नीतियों व योजनाओं की जानकारी हर घर तक पहुंचाएं और जनता से निरंतर संवाद बनाए रखें। उन्होंने बूथ स्तर पर संगठनात्मक गतिविधियों को और अधिक सक्रिय करने, नए कार्यकताओं को जोड़ने तथा युवाओं और महिलाओं की सहभागिता बढ़ाने पर विशेष जोर दिया।बैठक में भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष महेंद्र कुमावत, भाजपा देहात जिलाध्यक्ष जीतमल प्रजापत, मंडल अध्यक्ष सुरजीत रावत, बद्री गुर्जर, राजेश शर्मा, विधानसभा समन्वयक नरेंद्र सिंह चुंडावत सहित अनेक पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने संगठन को मजबूती देने के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।मंत्री रावत ने अंत में कहा कि संगठित प्रयासों और कार्यकताओं की निष्ठा से ही भाजपा निरंतर जनविश्वास अर्जित कर रही है और आने वाले समय में संगठन की यह मजबूती और भी निर्णायक भूमिका निभाएगी।

# कृषि में अध्ययनरत छात्राओं को देय प्रोत्साहन राशि आवेदन की अंतिम तिथि 31 जनवरी

## राज किसान साथी पोर्टल पर होगा ऑनलाईन आवेदन

अजमेर। कृषि विभाग राज्य योजना में कृषि शिक्षा में अध्ययनरत छात्राओं के प्रोत्साहन राशि के आवेदन राज किसान साथी पोर्टल पर 31 जनवरी तक करने होंगे।कृषि विषय लेकर सीनियर सैकण्डरी में अध्ययनरत छात्राओं को राशि रुपए 15 हजार रुपए प्रतिवर्ष की दर से 11वीं एवं 12वीं कक्षा के लिए देय है। इसी प्रकार कृषि स्नातक एवं स्नातकोत्तर शिक्षा में अध्ययनरत छात्राओं को 25 हजार रुपए राशि प्रतिवर्ष तथा कृषि विषय में पीएचडी में अध्ययनरत छात्राओं को 40 हजार रुपए प्रतिवर्ष देय है।योजना में ऑनलाइन आवेदन की अन्तिम तिथि 31 जनवरी है। पोर्टल पर छात्राओं को अपनी पिछली कक्षा की अंक मार्कशीट एवं राजस्थान के मूल निवासी होने का प्रमाण-पत्र अपलोड करना होगा। छात्राओं द्वारा कक्षा में अध्ययन का सही वर्ष ही अंकन किया जाए। छात्रा के नियमित अध्ययन का संस्था की ओर से प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

### संस्था प्रधान को देना होगा ऑनलाइन प्रमाण पत्र

राज किसान साथी पोर्टल पर जनाधार के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण करने के पश्चात स्कूल एवं महाविद्यालय को छात्रा के फार्म का भौतिक सत्यापन करना होगा। इस फार्म को संयुक्त निदेशक कृषि को भेजा जाएगा। इस बीच संस्था प्रधान को यह प्रमाण-पत्र देना होगा कि यह छात्रा किस कक्षा में अध्ययनरत है। छात्रा की ओर से इसी कक्षा में पुनः प्रवेश नहीं लिया है। साथ ही छात्रा अनुत्तीर्ण भी नहीं हुई है। इस आशय का प्रमाण-पत्र संस्था की ओर से ऑनलाइन जारी करना होगा। इस योजना के लिए संस्था प्रधान को 31 मार्च से पूर्व छात्राओं का ई-साईन प्रमाण भेजना अनिवार्य है।

# रेल मंत्री ने जीएम और डीआरएम को प्रदान की बेस्ट रनिंग रूम शील्ड

अजमेर। दिल्ली स्थित यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर द्वारका में आयोजित अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार 2025 कार्यक्रम के दौरान महाप्रबंधक उत्तर पश्चिम रेलवे अमिताभ तथा मंडल रेल प्रबंधक राजू भूतड़ा ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से उत्तर पश्चिम रेलवे अजमेर मण्डल के आबूरोड स्थित रनिंग रूम की बेस्ट रनिंग रूम शील्ड प्राप्त की।



रेल मंत्री वैष्णव ने उत्तर पश्चिम रेलवे के 5 रेल कर्मियों मेघा गोदारा देव उप प्रमुख कार्मिक अधिकारी, मोनिका यादव मंडल वाणिज्य प्रबंधक अजमेर मंडल, मुबारक हुसैन मंसूरी लोको पायलट (मेल/एक्सप्रेस) अजमेर मंडल एवं शिवलाल जयसिंह पुरोहित सीनियर सेक्शन इंजीनियर/यांत्रिक, ओंकार कांस्टेबल को उत्कृष्ट कार्य के लिए विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार प्रदान किया।

# कलेक्ट्रेट सभागार में 20 सूत्री कार्यक्रम की समीक्षा बैठक आयोजित

अजमेर। अतिरिक्त कलक्टर की अध्यक्षता में 20 सूत्री कार्यक्रम की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। मुख्य आयोजना अधिकारी रुद्रा रेणु ने 20 सूत्री कार्यक्रम की सम्बंधित विभागों की माह दिसम्बर 2025 की मासिक प्रगति से अवगत कराया।माह दिसम्बर 2025 की प्रगति के अनुसार 20 सूत्री कार्यक्रम में राजीविका के सूत्र एसएचजी प्रमोटेड व रिवॉल्विंग फण्ड, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के सूत्र संस्थागत प्रसव, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के सूत्र एवं अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के सूत्र में आवण्टित लक्ष्यों के विरुद्ध उपलब्धि कम रही। शेष विभागों की प्रगति सन्तोषजनक रही। सम्बन्धित विभागों को इस वित्तीय वर्ष 2025-26 की शेष अवधि में आवण्टित लक्ष्यों के विरुद्ध शत-प्रतिशत गुणात्मक एवं मात्रात्मक उपलब्धि अर्जित




करने के लिए निर्देशित किया गया।प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण में बी व राजीविका के सूत्र एसएचजी प्रमोटेड व रिवॉल्विंग फण्ड सी श्रेणी में हैं। इन विभागों को ए श्रेणी व शत-प्रतिशत उपलब्धि के साथ राज्य स्तर की रैंकिंग में जिला अजमेर अग्रणी जिला बने इस हेतु अभी से कार्य योजना बनाकर वित्तीय वर्ष के शेष रहे महीनों में शत-प्रतिशत मात्रात्मक गुणात्मक उपलब्धि अर्जित किए जाने के लिए निर्देशित किया गया।एडीएम ने निर्देशित किया कि सभी सम्बंधित विभाग 20 सूत्री कार्यक्रम की मासिक प्रगति सूचनाएं प्रतिमाह एक तारीख तक जिला योजना प्रकोष्ठ को आवश्यक रूप से उपलब्ध कराएं। साथ ही मुख्य आयोजना अधिकारी द्वारा विभाग के अधिकारियों से यह भी अनुरोध किया गया कि वित्तीय वर्ष के शेष माहों में राज्य सरकार से प्राप्त लक्ष्यानुरूप शत प्रतिशत मात्रात्मक व गुणात्मक उपलब्धि अर्जित किया जाना सुनिश्चित कराएं।विभागीय अधिकारियों द्वारा प्रेषित की जाने वाली सूचनाएं जिला स्तर के विभागीय सक्षम अधिकारी से जांच एवं पुष्टि उपरांत हस्ताक्षरयुक्त मासिक प्रगति सूचना निर्देशानुसार प्रत्येक माह की एक तारीख तक व त्रैमासिक प्रगति सूचना आवश्यक रूप से जिला योजना प्रकोष्ठ को प्रेषित कराएं। जिला स्तर से वांछित प्रगति सूचना संकलित तैयार कर निर्धारित समय पर उच्चाधिकारियों व सम्बन्धित विभागों तथा राज्य सरकार को प्रेषित की जा सके।

समाचार भेजने और विज्ञापन हेतु व किसी अन्य जानकारी के लिए सम्पर्क करें:-

मो. +91 9887907277, 7737385114

Email ID sabgurunews@gmail.com

अजमेर-6/12बी ब्लॉक हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पंचशील अजमेर 305001, राज.

जयपुर-D8, गोवर्धन कॉलोनी मोहन मार्ग, विवेक विहार मेट्रो स्टेशन के पास जयपुर 302019, राज.

# हनुमानगढ़ में दो वाहनों की भिड़ंत में एक की मौत

हनुमानगढ़। राजस्थान में हनुमानगढ़ जिले के गोलूवाला थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग 62 पर शुक्रवार को एक कार और इनोवा गाड़ी में टक्कर से एक व्यक्ति की मौत हो गयी जबकि तीन अन्य घायल हो गए।पुलिस सूत्रों ने बताया कि दोपहर करीब डेढ़ बजे खूनी चक गांव से पहले ग्लोबल एकेडमी शिक्षण संस्थान के पास दोनों वाहन टकरा गये। इससे कार चालक जान मोहम्मद की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि इनोवा में सवार राहुल आर्यन छाबड़ा और मोहित (23) घायल हो गए।

# बीकानेर में बीस किलो डोडा पोस्त बरामद

बीकानेर। राजस्थान में बीकानेर जिले के लूणकरणसर थाना क्षेत्र में पुलिस ने 20 किलोग्राम डोडा-पोस्त बरामद किया है।पुलिस सूत्रों ने बताया कि लूणकरनसर में शुक्रवार को सुबह एक कार को रोक कर उसकी तलाशी ली तो उसमें 20 किलो 15 ग्राम अवैध डोडा-पोस्त मिला।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक विजय सिंह ने मुद्रक किशन गुप्ता द्वारा इंडिया ऑफसेट प्रिंटर्स 419 ब्रह्मपुरी, जयपुर रोड से मुद्रित करवाकर कार्यालय 6/12 बी ब्लॉक हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पंचशील, अजमेर (राज.) से प्रकाशित किया। सम्पादक- विजय सिंह मो. 9887907277 (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अजमेर रहेगा)